**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 16-03-2005**

**Participants : Pandey Dr. Laxminarayan**

>

Title: Need to revive the sick cement factories in the country for protecting the interest of workers.

**डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर)** : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारी उद्योग मंत्री जी का ध्यान उन सीमेंट फैक्ट्रीज की ओर दिलाना चाहता हूं जो पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हैं तथा जिनकी हालत कुप्रबंध के कारण खराब हो गयी है। सभी इकाईयों में करोडों की सम्पति है और आज इनको निजी संस्थानों को बेचने की कार्यवाही चल रही है। मैं इसका विरोध करते हुए कहना चाहता हूं कि जो अच्छी हालत में सीमेंट फैक्ट्रीज हैं उनको चलाया जाए ताकि हजारों मजदूर बेकार न हों। ये फैक्ट्रीज चाहे पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ या मध्य प्रदेश में हों। मेरे ही अपने संसदीय क्षेत्र, नया गांव स्थित जो सीमेंट फैक्ट्री है और जो अच्छी हालत में है, चलने योग्य है, मेरी प्रार्थना है कि उसे सरकार खुद चलावे।